2018/01374

राजस्व लोक अदालत केम्प नवतला तहसील पचपदरा

न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा

पीठासीन अधिकारी : श्री भागीरथ राम, आर.ए.एस

मुकदमा न0 50 /2018

अपीलाण्ट :— 1 बिस्मिला पुत्री भंवरा पत्नि गफूरखां जाति मुसलमान निवासी नवतला

बनाम

रेस्पोडेन्ट :— 1. मेहरी पत्नि भंवरों जाति मुसलमान निवासी नवतला

2.सरपंच ग्राम पंचायत नवातला

अपील अंतर्गत धारा 75 रा.भू.राजस्व अधिनियम विरूद्ध

आदेश दिनांकः—12.06.2018

यह अपील अपीलान्ट के द्वारा अर्न्तगत धारा 75 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार ग्राम पंचायत नवतला में प्रस्तुत की गई है।

सक्षिप्त मे प्रकरण के तथ्य इस प्रकार है कि मौजा नवातला के खसरा न0 1810 रकबा 158—07 व 2006/829 रकबा 152—07 बीघा, ख0न0 828 रकबा 1—0 बीघा का आया हुआ है। भंवरा वल्द इस्माईल का देहान्त होने पर पटवारी द्वारा नामन्तरकरण संख्या 637, 1175 की कार्यवाही में भंवरा के वारीसान मेहरी पत्नि भंवरा दर्ज कर दिया गया जबकि भंवरा कि वारिसान बिस्मिला व मेहरी पुत्री व माता दोनो है। अतः भंवरा के वारिस होने से मेहरी के आराजी में मेहरी के साथ बिस्मिला का नाम भी दर्ज किया जाएं।

उपस्थित पक्षकारान एवं सरंपच ग्राम पंचायत नवतला व बिस्मला के ब्यान अनुसार व प्रस्तुत दस्तावेज पहचान, परिचय पत्र व पटवारी नवतला /आरआई बडनावा की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार अपीलाण्ट के पिता भंवरा की मृत्यु होने जाने पर उसकी पत्नि मेहरी का नाम दर्ज कर दिया था जबकि पुत्री बिस्मला का नाम दर्ज नहीं किया गया है। अतः उक्त आराजी में बिस्मला पुत्री भंवरा का नाम दर्ज करने की सिफारिश की है।

पत्रावली व पत्रावली के संलग्न दस्तावेज का अवलोकन व अध्ययन किया गया । अपीलान्टगण को सुना गया। मजमे आम मे उपस्थित लोगो से पूछताछ की गई। समस्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाकर मौजा नवातला के खसरा न0 1810 रकबा 158—07 व 2006/829 रकबा 152—07 बीघा, ख0न0 828 रकबा 1—0 बीघा में बिस्मिला पुत्री भंवरे खां, मेहरी पत्नि भंवरे खां की जाती है। तहसीलदार पचपदरा को रेकर्ड दुरूस्ती करने के आदेश जारी हो।

आदेश राजस्व लोक अदालत न्याय आपके द्वार में सुनाया गया ।
पत्रावली फैसल सुमार होकर के दाखिल दफतर हो ।

(भागीरथ राम)
पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/कोर्ट कैम्प-2018
उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर
बालोतरा कैम्प...

Scanned by CamScanner